# Aotearoa (आओटेरोआ) न्यूज़ीलैंड में गोद लेना

सारांश दस्तावेज़

MINISTRY OF JUSTICE
Tāhū o te Ture

New Zealand Government

हालांकि इस दस्तावेज़ में शामिल की गई जानकारी की सटीकता को सुनिश्चित करने के लिए सभी उचित कदम उठाए गए हैं, Te Tāhū o te Ture - Ministry of Justice (न्याय मंत्रालय) किसी भी अशुद्धि, त्रुटि, चूक, या किसी अन्य प्रकार की अपर्याप्तता, कमी, या त्रुटि के लिए या जानकारी के संबंध में किसी भी और सभी प्रकार की जिम्मेदारी को अस्वीकार करता है; और किसी भी व्यक्ति या संस्था के लिए किसी भी प्रकार की किसी भी और सभी प्रकार की देयता को पूरी तरह से बाहर रखता है जो इस जानकारी पर भरोसा करने का चुनाव करता है।

**ISBN** 978-0-478-32495-2

न्याय मंत्रालय द्वारा प्रकाशित

जून 2021 © Crown Copyright

Ministry of Justice (न्याय मंत्रालय)

The Justice Centre, 19 Aitken Street

SX10088, Wellington

New Zealand

**टेलीफ़ोन** +64 4 918 8800

**फैक्स** +64 4 918 8820

**ईमेल** info@justice.govt.nz

**वेबसाइट** www.justice.govt.nz

# हम आपकी बात सुनना चाहते हैं

हम गोद लेने संबंधी वर्तमान कानूनों के बारे में आपकी राय जानना चाहते हैं और इस बारे में आपके विचार जानना चाहते हैं कि भविष्य में गोद लेने संबंधी कानून कैसे हो सकते हैं। आपके विचारों का उपयोग गोद लेने संबंधी नीति और कानून में बदलाव के लिए प्रस्तावों को विकसित करने में हमारी मदद करने के लिए किया जाएगा।

# अपनी राय कैसे जाहिर करें

यह सारांश दस्तावेज़ गोद लेने संबंधी मौजूदा कानून और प्रथा पर पूरे विचार-विमर्श वाले दस्तावेज़ को रेखांकित करता है। यह मौजूदा कानूनों को जैसे का तैसा रखने से संबंधित समस्याओं को उजागर करता है और उन विकल्पों के बारे में आपके विचार जानना चाहता है कि इस कानून को कैसे बदला जा सकता है।

पूरे विचार-विमर्श वाले दस्तावेज़ की एक प्रति दत्तक-ग्रहण कानून सुधार वेबपेज पर भी देखी जा सकती है: www.justice.govt.nz/adoption-law-reform/.

आप यहां उपलब्ध सबमिशन फॉर्म को भरकर अपने विचार ऑनलाइन साझा कर सकते हैं https://consultations.justice.govt.nz/policy/adoption-law-reform/

आप अपना सबमिशन लिखकर इस पते पर ईमेल से भी भेज सकते हैं adoptionlaw@justice.govt.nz या इस पते पर डाक से भेजें:

Adoption Law Reform
Ministry of Justice
Free Post 113
PO Box 180, Wellington 6140

यदि इस सारांश दस्तावेज़ के संबंध में या दत्तक-ग्रहण कानून सुधार परियोजना के बारे में आपके कोई प्रश्न हैं, तो कृपया adoptionlaw@justice.govt.nz पर सम्पर्क करें

इस दस्तावेज़ के अनुवादित और सुलभ संस्करण, साथ ही Te Reo Māori (माओरी भाषा) संस्करण ऊपर दिए दत्तक-ग्रहण कानून सुधार वेबपेज़ पर उपलब्ध है।

## आपके विचार साझा करने की अंतिम तिथि

सभी सबमिशनों को सबमिट करने की अंतिम तिथि **मंगलवार, 31 अगस्त, 2021 शाम 5 बजे तक** है। इस समय के बाद प्राप्त किए गए सबमिशनों पर केस-दर-केस आधार पर विचार किया जाएगा।

## गोपनीयता और आधिकारिक जानकारी

कृपया ध्यान दें कि आपका सबमिशन आधिकारिक जानकारी अधिनियम 1982 के तहत जानकारी के लिए te Tāhū o te Ture - न्याय मंत्रालय के एक अनुरोध के अधीन हो सकता है। आपके नाम और पते सहित, निजी विवरण इस अधिनियम के तहत रोके रखे जा सकते हैं। अगर आप नहीं चाहते कि आपके द्वारा दी गई कोई जानकारी रिलीज की जाए, तो कृपया ऐसा स्पष्ट रूप से बताएं और समझाएं कि आप ऐसा क्यों चाहते हैं। उदाहरण के लिए, आप कुछ जानकारी को गोपनीय रखना चाह सकते हैं क्योंकि वह आपकी संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी है। Te Tāhū o te Ture - न्याय मंत्रालय ऐसे अनुरोधों पर प्रत्युत्तर करते समय आपके विचारों को ध्यान में रखेगा।

निजता अधिनियम 2020 संचालित करता है कि मंत्रालय आपके बारे में निजी जानकारी को और आपके द्वारा प्रदान की गई जानकारी को कैसे इकट्ठा करता है, संभालता है, इस्तेमाल करता है और उसे साझा करता है। आपको इस निजी जानकारी को प्राप्त करने और सही करने का अधिकार है।

Te Tāhū o te Ture - न्याय मंत्रालय की पूरी निजता नीति यहां पाई जा सकती है: https://consultations.justice.govt.nz/privacy_policy/

# प्रस्तावना

गोद लेने का अर्थ है जहां किसी बच्चे का पालन-पोषण अपने जन्म देने वाले माता-पिता के अलावा किसी व्यक्ति या व्यक्तियों के द्वारा किया जाता है, और वह कानूनी रूप से उनका बच्चा बन जाता है। Aotearoa, न्यूज़ीलैंड में 1970 में गोद लेने की संख्या अपने अधिकतम पर पहुंच गई थी, जहां प्रति वर्ष लगभग 4000 बच्चों को गोद लिया गया था। Aotearoa में गोद लेना समय के साथ-साथ कम हो गया है, जहां 2020 में न्यूज़ीलैंड पारिवारिक न्यायालय द्वारा केवल 125 बच्चों के गोद लिए जाने को स्वीकृति दी गई।

Aotearoa न्यूज़ीलैंड का गोद लेने संबंधी मुख्य कानून, दत्तक ग्रहण अधिनियम 1955, अब 65 साल से भी अधिक पुराना हो गया है। यह कानून अब Aotearoa समाज, आधुनिक गोद लेने की प्रथाओं को सटीक रूप से नहीं दर्शाता है और बच्चे के अधिकारों पर केंद्रित नहीं है। गोद लेने संबंधी कानून अब उन कारणों से इस्तेमाल किए जाते हैं जिन पर उस समय विचार नहीं किया जाता था, जिस समय वे लागू हुए थे। उदाहरण के लिए, गोद लेने का उपयोग अब इच्छुक माता-पिता और सरोगेसी से पैदा हुए बच्चों के बीच एक पूर्ण कानूनी संबंध बनाने के लिए किया जाता है (जहां एक महिला बच्चे को जन्म देने के लिए सहमत होती है जिसे बाद में किसी अन्य व्यक्ति/व्यक्तियों को दे दिया जाता है जो उस बच्चे के माता-पिता होंगे)।

Aotearoa में किए गए और मान्यता दिए गए अधिकांश दत्तक-ग्रहण विदेशी और अंतर्देशीय गोद लेने वाले थे (पिछले साल न्यूज़ीलैंड पारिवारिक न्यायालय द्वारा 125 बच्चों को गोद दिए जाने के अलावा)। इनमें उन देशों द्वारा गोद लेने के मामले भी शामिल हैं जो हेग कन्वेंशन कॉन्ट्रैक्टिंग स्टेट्स हैं और वे भी जो नहीं हैं। पैसीफिक आईलैंड देशों में किए गए विदेशी दत्तक-ग्रहण ऐसे हैं, जिन्हें Aotearoa में सबसे अधिक मान्यता दी जाती है। कुछ मामलों में, विदेशों में गोद लेने को मान्यता देने से गंभीर बाल संरक्षण जोखिम पैदा हो गए हैं क्योंकि अन्य देशों के कानून बच्चों की सुरक्षा और भलाई के लिए Aotearoa न्यूज़ीलैंड के दृष्टिकोण से मेल नहीं खाते हैं।

गोद लेने के इसमें शामिल सभी लोगों पर महत्वपूर्ण और आजीवन प्रभाव हो सकते हैं, खासकर गोद लिए जाने वाले बच्चों पर। यह उन पर ऐसे तरीकों से प्रभाव डाल सकता है जिसे बहुत से लोग अपनी निजी पहचान के एक अहम रूप में देखते हैं, जैसे कि उनकी संस्कृति और भाषा। खास तौर पर tamariki Māori - (माओरी बच्चे) को non-Māori whānau - (गैर-माओरी) विस्तारित परिवार द्वारा गोद लिया जाना उनकी संस्कृति के बीच अलगाव का कारण बन सकता है और उन्हें अपनी whakapapa - वंशावली और अपनी whenua - ज़मीन से जुड़ने में मुश्किल होती है। सांस्कृतिक अलगाव का यह अनुभव अगली कई पीढ़ियों तक जा सकता है।

सर्वोत्तम प्रथा और गोद लेने से होने वाले प्रभावों की हमारी समझ में बदलावों ने इस बात को प्रभावित किया है कि अब हम गोद लेने के प्रति कैसा दृष्टिकोण रखते हैं। इन दिनों अधिकांश दत्तक ग्रहण 'खुले' होते हैं, जहाँ बच्चों का अक्सर अपने जन्म के माता-पिता, परिवार और whānau - विस्तारित परिवार के साथ एक सतत संबंध होता है।

हम इस समय अपने गोद लेने संबंधी मौजूदा कानूनों की समीक्षा कर रहे हैं ताकि हम ऐसे गोद लेने संबंधी कानून की आशा कर सकें और उसका निर्माण कर सकें जो गोद लेने की प्रक्रिया में शामिल प्रत्येक व्यक्ति के लिए सुरक्षित और सहायक हो। हमारा प्रस्ताव है कि नए कानून के केंद्र में बच्चों के अधिकारों को रखा जाए और सुनिश्चित किया जाए कि सांस्कृतिक जरूरतों सहित यह इसमें शामिल सभी लोगों को बेहतर सहयोग दे और उनकी जरूरतों पर विचार करे।

हम विचार करेंगे कि क्यागोद लेने संबंधी कानून में whāngai व्यवस्थाओं को कानूनी रूप से मान्यता देने की जरूरत है (जहाँ बच्चे की देखभाल व्यापक whānau सदस्यों द्वारा की जाती है)। जहाँ बच्चे का जन्म सरोगेसी से होता है, हम वहाँ गोद लेने की प्रक्रिया में सुधार करने के तरीकों पर भी गौर करेंगे।

लंबे समय से Aotearoa न्यूजीलैंड के गोद लेने संबंधी कानूनों को बदलने के लिए आवाजें उठाई जा रही हैं। हम उन लोगों के आभारी हैं, जो गोद लेने संबंधी कानून में बदलाव लाने के लिए पिछले कई वर्षों से प्रयासरत हैं। हम उन लोगों को भी धन्यवाद देते हैं जो पिछली सरकारों द्वारा गोद लेने संबंधी कानून सुधार पर किए गए विचार-विमर्श में शामिल रहे हैं। इसमें शामिल लोगों की कड़ी मेहनत से हमें अतीत पर चिंतन करने में सहायता और वर्तमान में गोद लेने संबंधी कानून और नीति के विकास में मार्गदर्शन मिलता है।

यह सारांश दस्तावेज Aotearoa न्यूज़ीलैंड के गोद लेने संबंधी कानूनों की रूपरेखा बताता है और वर्तमान कानून की कुछ समस्याओं का संक्षिप्त विवरण प्रदान करता है। यह *Aotearoa न्यूज़ीलैंड में दत्तक-ग्रहण* चर्चा दस्तावेज का सारांश है। कानून को कैसे बदला जा सकता है, इस पर कुछ विचारों सहित चर्चा दस्तावेज और अधिक विवरण प्रदान करता है। आप दत्तक-ग्रहण कानून सुधार वेबपेज पर पूरे चर्चा दस्तावेज की प्रति पा सकते हैं: www.justice.govt.nz/adoption-law-reform

हम इस बारे में आपके विचार जानना चाहते हैं कि दत्तक-ग्रहण कानून कैसा दिखना चाहिए और यह किस तरह आधुनिक Aotearoa को बेहतर ढंग से दर्शा सकता है।

# Aotearoa में दत्तक-ग्रहण कानून की समीक्षा के उद्देश्य

Aotearoa में दत्तक-ग्रहण कानून के संवर्धन को आकार देने में सहायता करने के लिए निम्नलिखित उद्देश्य तय किए गए हैं। उनका सुधार के लिए मार्गदर्शन और सुझावों पर विचार करने के लिए उपयोग किया जाएगा।

- Aotearoa न्यूज़ीलैंड के दत्तक कानूनों को आधुनिक बनाना और समेकित करना ताकि यह समकालीन दत्तक प्रक्रियाएं दर्शाएं सामाजिक जरूरतों और अपेक्षाओं पर खरा उतरें और बाल-केंद्रित कानून में सिद्धांतों की सततता को प्रोत्साहित करें।
- यह सुनिश्चित करना कि बच्चों के अधिकार Aotearoa न्यूज़ीलैंड के दत्तक कानूनों और इनके व्यवहार के केंद्र में हों और पहचान के अधिकार और जानकारी तक पहुंच सहित गोद लेने की पूरी प्रक्रिया में बच्चों के अधिकारों, सर्वोत्तम हितों और कुशल-क्षेम को सुरक्षित रखा जाए और बढ़ावा दिया जाए।
- यह सुनिश्चित करना कि दत्तक कानून और व्यवहार te Tiriti o Waitangi - Waitangi संधि के तहत हमारे दायित्वों को पूरा करते हों और सांस्कृतिक रूप से उपयुक्त अवधारणाओं और सिद्धांतों, विशेष रूप से, tikanga Māori, जहाँ लागू हो, को दर्शाते हों।
- पिछले दत्तक-ग्रहणों की जानकारी सहित गोद लेने की पूरी प्रकिया के दौरान और दत्तक-ग्रहण पूरा होने के बाद जिन लोगों को उपयुक्त सहयोग और जानकारी की जरूरत हो, उनके लिए इसकी उपलब्धता सुनिश्चित करना।
- जहाँ बच्चा सरोगेसी से पैदा होता है, वहाँ उन बच्चों के अधिकारों और हितों को बरकरार रखते हुए दत्तक प्रक्रियाओं की समयबद्धता, लागत और दक्षता में सुधार करना।
- यह सुनिश्चित करना कि Aotearoa अपने सभी संबंधित अंतरराष्ट्रीय दायित्वों विशेषकर बाल अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन और बाल संरक्षण पर हेग कन्वेंशन और अंतर्देशीय दत्तक-ग्रहण के संबंध में सहयोग, को पूरा करे।

# गोद लेना (दत्तक-ग्रहण) क्या है?

Aotearoa न्यूज़ीलैंड के दत्तक-ग्रहण कानून तीन अधिनियमों में निर्धारित किए गए हैं। Aotearoa में सभी दत्तक-ग्रहण इस ढांचे के भीतर होते हैं, परंतु कानून को व्यवहार में कैसे लागू किया जाता है, इसमें कुछ लचीलापन है।

| | | |
|---|---|---|
| दत्तक-ग्रहण अधिनियम 1955 कुछ अंतरराष्ट्रीय तत्वों सहित स्थानीय दत्तक-ग्रहण पर Aotearoa न्यूज़ीलैंड के अधिकांश कानून को सामान्यतः निर्धारित करता है। | वयस्क दत्तक-ग्रहण सूचना अधिनियम 1985 इस संबंध में नियमों को निर्धारित करता है कि गोद लिए गए लोग और जैविक माता-पिता किस तरह गोद लेने संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। | दत्तक-ग्रहण (अंतर्देशीय) अधिनियम 1997 कुछ ऐसे दत्तक-ग्रहणों पर कानून निर्धारित करता है जहाँ बच्चा और गोद लेने वाले आवेदक दो अलग-अलग देशों में रहते हैं। यह अंतर्देशीय दत्तक-ग्रहण के संबंध में बाल संरक्षण और सहयोग पर हेग कन्वेंशन ('द हेग कन्वेंशन') को प्रभावी बनाता है। |

कानून में तीन प्रकार के दत्तक-ग्रहण का प्रावधान है:

- घरेलू दत्तक-ग्रहण जहाँ बच्चा और गोद लेने वाला माता-पिता दोनों Aotearoa में रहते हैं।
- विदेशी दत्तक-ग्रहण, जहाँ बच्चा और गोद लेने वाले आवेदक दोनों विदेश में रहते हैं।
- अंतर्देशीय दत्तक-ग्रहण जहाँ बच्चा और गोद लेने वाले आवेदक दो अलग-अलग देशों में रहते हैं। अंतर्देशीय दत्तक-ग्रहण हेग कन्वेंशन के तहत या उस प्रक्रिया के बाहर किए जा सकते हैं।

## अंतरराष्ट्रीय कानून

ऐसे कई अंतरराष्ट्रीय समझौते हैं जो Aotearoa न्यूज़ीलैंड के दत्तक-ग्रहण कानूनों को प्रभावित करते हैं और उनका हिस्सा हैं। इनमें निम्नलिखित शामिल हैं, परंतु यह इन तक सीमित नहीं हैं:

- बाल अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन ('द चिलड्रन्स कन्वेंशन')
- अंतर्देशीय दत्तक-ग्रहण के संबंध में बाल संरक्षण और सहयोग पर हेग कन्वेंशन
- देशज लोगों के अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र की घोषणा
- विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन।

बाल कन्वेंशन 18 वर्ष से कम उम्र के व्यक्ति को बच्चे के रूप में परिभाषित करती है। बच्चों से संबंधित कानून में यह कन्वेंशन विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि यह बच्चों के व्यापक प्रकार के अधिकारों को निर्धारित करती है।

## व्यापक प्रणाली

Aotearoa में बच्चों की देखभाल के लिए दत्तक-ग्रहण एक प्रकार की कानूनी व्यवस्था है। यह बच्चे की संभावित देखभाल के वैकल्पिक तरीकों के लिए विकल्पों की श्रृंखला के एक छोर पर है, क्योंकि इसमें व्यापक और स्थायी कानूनी निहितार्थ हैं।

बाल देखभाल अधिनियम 2004 और Oranga Tamariki अधिनियम 1989 विभिन्न प्रकारों की संरक्षकता और पालन-पोषण आदेशों सहित बाल देखभाल के लिए उपलब्ध व्यवस्थाओं के अन्य प्रकारों के कुछ उदाहरण प्रदान करते हैं। विभिन्न देखभाल व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी निम्नलिखित वेबपेजों पर प्राप्त की जा सकती है:

- te Tāhū o te Ture पर पालन-पोषण और संरक्षकता - न्याय मंत्रालय की वेबसाइट: www.justice.govt.nz/family/care-of-children/parenting-and-guardianship/
- the Oranga Tamariki में देखभाल करने के प्रकार - बाल मंत्रालय वेबसाइट: www.orangatamariki.govt.nz/caregiving/types-of-caregiving/

## Te Tiriti o Waitangi - Waitangi संधि

Te Tiriti o Waitangi Aotearoa में आधारभूत संवैधानिक दस्तावेज है। Te Tiriti, Māori और क्राउन के बीच संबंध को निर्धारित और निर्देशित करता है। Te Tiriti Aotearoa न्यूज़ीलैंड के वर्तमान दत्तक-ग्रहण कानूनों की उपयुक्तता पर विचार करने के लिए और अधिक संदर्भ प्रदान करता है। दत्तक-ग्रहण कानूनों में किसी भी बदलाव में te Tiriti और उन बदलावों से Māori पर पड़ने वाले प्रभावों पर विचार अवश्य किया जाना चाहिए।

हम यह जानना चाहते हैं कि क्या आपकी नजर में द क्राउन दत्तक-ग्रहण कानून के संबंध में te Tiriti के तहत Māori के प्रति अपने भागीदारी दायित्वों को पूरा कर सकता है।

## दत्तक-ग्रहण (गोद लेने) का उद्देश्य

वर्तमान कानून यह नहीं बताता है कि दत्तक-ग्रहण (गोद लेना) क्या है या इसका उपयोग कब किया जाना चाहिए। इससे यह अस्पष्ट हो सकता है कि दत्तक-ग्रहण कब होना चाहिए। निम्नलिखित सहित दत्तक-ग्रहण का विभिन्न कारणों से उपयोग किया जा सकता है:

- बच्चे को स्थायी परिवार और whānau प्रदान करना
- यह सुनिश्चित करना कि चाहे किसी भी कारण से जिस बच्चे की देखभाल उसके माता-पिता द्वारा नहीं की जा सकती, उसका एक स्थिर और सुरक्षित whānau वातावरण में पालन-पोषण किया जा सके।
- सुनिश्चित करना कि बच्चा गोद लेने वाले परिवार और whānau से संबंधित संपत्ति विरासत में प्राप्त कर सके
- ऐसे दंपती को बच्चा प्रदान करना जो किसी भी कारण से अपने बच्चे को जन्म नहीं दे सकते

- सौतेले माता-पिता या पालक माता-पिता के साथ बच्चे के संबंध को कानूनी स्वीकृति देना
- सरोगेसी व्यवस्था के तहत बच्चे के माता-पिता होने के अधिकारों को सरोगेट माता-पिता से अभीष्ट माता-पिता को हस्तांतरित करना
- बच्चे को अप्रवासन लाभ देना या बच्चे को विकासशील दुनिया की गरीबी से बाहर निकालकर Aotearoa की ज़िंदगी के अवसरों और लाभों में लाना
- परिवारों को और whānau को एक-दूसरे से फिर से जुड़ने की अनुमति देना।

हम इस बारे में आपके विचार जानना चाहते हैं कि क्या कानून को इसकी परिभाषा देनी चाहिए कि दत्तक-ग्रहण (गोद लेना) क्या है और आपके विचार से दत्तक-ग्रहण का उद्देश्य क्या होना चाहिए। बदलाव के विकल्पों सहित आगे के विवरण और गोद लेने के उद्देश्यों पर और अधिक विशिष्ट प्रश्न चर्चा दस्तावेज के पृष्ठ 11 पर उपलब्ध हैं।

# दत्तक-ग्रहण (गोद लेने) में कौन शामिल होता है?

दत्तक-ग्रहण को अक्सर निम्नलिखित के बीच संबंधों के 'त्रिकोण' के रूप में वर्णित किया जाता है:

- **बच्चा** जिसे गोद लिया जाना है
- **जन्म देने वाले माता-पिता** जिनसे बच्चे का जन्म हुआ है और जिनके पास जन्म के समय बच्चे के प्रति कानूनी अधिकार और जिम्मेदारियाँ हैं
- **गोद लेने वाले माता-पिता** जो गोद लेना सम्पन्न होने के बाद बच्चे के प्रति कानूनी अधिकार और जिम्मेदारियाँ प्राप्त करते हैं।

यह त्रिकोण वर्तमान कानून को दर्शाता है। यह बच्चे के जन्म के समय के परिवार और whānau को मान्यता नहीं देता है जो उनके जीवन में अक्सर महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, विशेषकर Māori और प्रशांत लोगों की संस्कृति में। Aotearoa में दत्तक-ग्रहण प्रक्रिया में सरकार, न्यायालय और मान्यता प्राप्त संस्थाओं (कुछ अंतर्देशीय दत्तक-ग्रहण सेवाएं प्रदान करने के लिए स्वीकृत संगठन) की भी भूमिका होती है।

## दत्तक-ग्रहण प्रक्रिया में बच्चे के अधिकार

Aotearoa में बच्चों और युवाओं को 20 वर्ष की आयु तक गोद लिया जा सकता है। इसका अर्थ है कि आमतौर पर स्वतंत्र रूप से रहने में सक्षम 18- और 19- वर्ष के व्यक्ति को भी गोद लिया जा सकता है। अन्य पारिवारिक कानून और अंतरराष्ट्रीय समझौते आमतौर पर यह उल्लेख करते हैं कि बच्चा 18 वर्ष से कम उम्र का व्यक्ति है।

कभी-कभी, 20 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्ति गोद लिए जाने की इच्छा कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, गोद लेना व्यक्ति को उन लोगों के साथ जुड़ाव की अनुभूति प्रदान कर सकता है जिन्होंने उसकी देखभाल की। कुछ मामलों में, वयस्क दत्तक-ग्रहण से व्यावहारिक सहायता भी मिल सकती है, उदाहरण के लिए जहाँ किसी व्यक्ति को आजीवन देखभाल और सहयोग की जरूरत हो।

हमारे दत्तक-ग्रहण कानून स्पष्ट रूप से बच्चों के अधिकारों को केंद्र में नहीं रखते हैं। उदाहरण के लिए, बच्चे के सर्वोत्तम हितों का उसे प्रभावित करने वाले निर्णयों में प्राथमिक पहलू होना अनिवार्य नहीं है। कानून यह भी सुनिश्चित नहीं करते हैं कि बच्चे दत्तक-ग्रहण प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। यह te ao Māori (Māori वैश्विक दृष्टिकोण) से मेल नहीं खाता जिसमें tamariki (बच्चों) को taonga (खजाना) के रूप में देखा जाता है जिनके कुशल-क्षेम का पोषण किया जाना चाहिए। दत्तक-ग्रहण बच्चे की सहमति के बिना भी हो सकता है।

हम इस बारे में आपके विचार जानना चाहते हैं कि कौन गोद लिए जाने के योग्य होना चाहिए। हम इस बारे में भी आपके विचार जानना चाहते हैं कि बच्चों के अधिकारों, विशेष रूप से भाग लेने के अधिकार को दत्तक-ग्रहण कानून में किस तरह बेहतर तरीके से शामिल किया जा सकता है। बदलाव के विकल्पों सहित आगे के विवरण और दत्तक-ग्रहण प्रक्रिया में बच्चे के अधिकारों पर और अधिक विशिष्ट प्रश्न चर्चा दस्तावेज के पृष्ठ 14 पर उपलब्ध हैं।

## जन्म देने वाले माता-पिता

कानून में यह उल्लेख किया गया है कि किसी व्यक्ति के कानूनी माता-पिता उसकी माँ (जिसने उसे जन्म दिया) और उसके पिता (जो गर्भावस्था के दौरान या जन्म के समय माँ का पति है या था और/या जिसका जन्म प्रमाण पत्र पर नाम दर्ज है) हैं। जन्म देने वाले कुछ माता-पिता अपने बच्चे को गोद देने का निर्णय करेंगे जो कि एक बड़ा निर्णय है।

जन्म देने वाले माता-पिता जब गोद देने के लिए सहमत हो जाते हैं, तब दत्तक-ग्रहण प्रक्रिया में उनकी भूमिका समाप्त हो जाती है। उन्हें दत्तक-ग्रहण सुनवाई में भाग लेने या दत्तक-ग्रहण आवेदन पर निर्णय लेने वाले न्यायाधीश से बात करने का अधिकार नहीं है। दत्तक-ग्रहण से पहले, उसके दौरान और इसके बाद में जन्म देने वाले माता-पिता के लिए जानकारी और सहायता सेवाएं भी सीमित मात्रा में उपलब्ध हैं।

हम इस बारे में आपके विचार जानना चाहते हैं कि दत्तक-ग्रहण प्रक्रिया में जन्म देने वाले माता-पिता की क्या भूमिका होनी चाहिए। बदलाव के विकल्पों सहित आगे के विवरण और जन्म देने वाले माता-पिता की भूमिका पर और अधिक विशिष्ट प्रश्न चर्चा दस्तावेज के पृष्ठ 17 पर उपलब्ध हैं।

## गोद कौन ले सकता है?

हमारे दत्तक-ग्रहण कानून यह उल्लेख करते हैं कि दत्तक-ग्रहण के लिए कौन आवेदन कर सकता है (या दत्तक-ग्रहण के लिए 'पात्र' कौन है)। आवेदक की वैवाहिक स्थिति, उम्र और लिंग से संबंधित नियम हैं:

- गोद लेने के लिए व्यक्ति अकेले आवेदन कर सकता है या दो जीवनसाथी एक साथ गोद लेने के लिए आवेदन कर सकते हैं
- गोद लेने के इच्छुक व्यक्ति की आयु कम से कम 25 वर्ष और गोद लिए जा रहे बच्चे से कम से कम 20 वर्ष अधिक होनी चाहिए। यदि दो जीवनसाथी गोद ले रहे हों, तो कम से कम एक व्यक्ति की आयु 25 वर्ष और दूसरे की आयु कम से कम 20 वर्ष अवश्य होनी चाहिए
- कोई पुरुष किसी बच्ची को गोद लेने के लिए अकेले आवेदन नहीं कर सकता है, सिवाय जहाँ पुरुष बच्चे का पिता भी हो या असाधारण परिस्थितियाँ हों।

ये नियम आवश्यक रूप से यह नहीं दर्शाते हैं कि बच्चे के पालन-पोषण के लिए आवेदक कितना उपयुक्त होगा। वे आधुनिक परिवार और whānau संरचनाओं को भी नहीं दर्शाते हैं या लिंग पहचान और लिंग तरलता की अवधारणाओं को स्वीकार नहीं करते हैं। मानवाधिकार रिव्यू ट्रिब्यूनल ने कहा है कि नियम वैवाहिक स्थिति, उम्र और लिंग के आधार पर भेदभावपूर्ण हैं।[1] सौतेले माता-पिता और संबंधियों के दत्तक-ग्रहण Aotearoa न्यूज़ीलैंड के कानून के तहत हो सकते हैं।

हम इस बारे में आपके विचार जानना चाहते हैं कि क्या इस संबंध  में बदलाव होने चाहिए कि बच्चे को गोद लेने के लिए कौन पात्र है। यदि आपको लगता है कि बदलाव होने चाहिए, तो हम जानना चाहते हैं कि आपके सुझाव क्या हैं। बदलाव के विकल्पों सहित आगे का विवरण और गोद कौन ले सकता है, पर और अधिक विशिष्ट प्रश्न चर्चा दस्तावेज के पृष्ठ 18 पर उपलब्ध हैं।

## जन्म देने वाला परिवार और whānau

जन्म देने वाले परिवार के सदस्य, whānau, hapū और iwi बच्चे के जीवन में अक्सर महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। Māori और प्रशांत (पैसिफिक) लोग बड़े परिवार और बच्चों के जीवन में whānau की भागीदारी को विशेष महत्व रखते हैं। परिवार और whānau को शामिल करके सामूहिक रूप से लिए गए निर्णय यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि बच्चे के लिए सबसे हितकारी देखभाल व्यवस्था तय करते समय विभिन्न दृष्टिकोणों पर विचार किया जाए।

वर्तमान दत्तक-ग्रहण कानून परिवार और whānau की महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता नहीं देते हैं और बच्चे को गोद दिए जाने के निर्णय में उन्हें शामिल करने की कोई आवश्यकता नहीं है। गोद लेने का आदेश दिए जाने के बाद, कानून बच्चे के जन्म के परिवार और whānau के कानूनी लिंकों को हटा देता है। गोद लेने की प्रक्रिया के दौरान बड़े परिवार और whānau के पास इसमें शामिल होने के अवसर बहुत कम हैं।

हम इस बारे में आपके विचार जानना चाहते हैं कि क्या गोद लेने की प्रक्रिया में बड़े परिवार और whānau की भूमिका होनी चाहिए। यदि आपको लगता है कि उनकी भूमिका होनी चाहिए, तो हम इस पर आपके विचार जानना चाहते हैं कि उन्हें कैसे शामिल किया जा सकता है। बदलाव के विकल्पों सहित आगे का विवरण और जन्म के परिवार और whānau, पर और अधिक विशिष्ट प्रश्न चर्चा दस्तावेज के पृष्ठ 21 पर उपलब्ध हैं।

[1] *अडॉप्शन एक्शन इंक. बनाम अटॉर्नी-जनरल* [2016] NZHRRT 9.

## सरकार, न्यायालय और मान्यता प्राप्त संस्थाएं

*Oranga Tamariki - बाल मंत्रालय*

Oranga Tamariki, Aotearoa के भीतर अधिकांश दत्तक-ग्रहणों में शामिल होता है। यह जन्मदाता माता-पिता और संभावित गोद लेने वाले माता-पिता के साथ काम करता है। न्यायालय में दत्तक-ग्रहण आवेदन पहुंचने के बाद, Oranga Tamariki सामाजिक कार्यकर्ता आमतौर पर सामाजिक कार्यकर्ता रिपोर्ट लिखते हैं जिसमें आवेदन और गोद लेने के प्रति गोद लेने वाले आवेदकों की उपयुक्तता के बारे में जानकारी प्रदान की जाती है।

Oranga Tamariki, Aotearoa में हेग कन्वेंशन के तहत किए गए अंतर्देशीय दत्तक-ग्रहणों के लिए निर्णयकर्ता (जिसे 'केंद्रीय प्राधिकरण' के रूप में भी जाना जाता है) भी है।

*न्यायालय*

पारिवारिक न्यायालय दत्तक-ग्रहण अधिनियम के तहत दत्तक-ग्रहण प्रक्रिया में निर्णयकर्ता है और यह (Aotearoaके भीतर) और कुछ अंतर्देशीय दत्तक-ग्रहणों के लिए आदेश देने के लिए जिम्मेदार है।

*अन्य सरकारी विभाग*

अन्य सरकारी विभाग, जैसे आंतरिक मामले और आप्रवासन विभाग, न्यूजीलैंड गोद लेने की प्रक्रिया में प्रायः भूमिका निभाते हैं। Te Tāhū o te Ture - न्याय मंत्रालय दत्तक-ग्रहण कानून के तीन हिस्सों की देखरेख करता है और दत्तक-ग्रहण कानून में बदलाव पर सरकार को सलाह देता है।

*मान्यता प्राप्त संस्थाएं*

हेग कन्वेंशन अंतर्देशीय दत्तक-ग्रहणों के लिए, 'मान्यता प्राप्त संस्थाएं' नामक गैर-सरकारी संगठनों को कुछ कार्य करने की शक्तियाँ दी जाती हैं। मान्यता प्राप्त संस्थाएं दो कार्यों में से केवल एक ही कार्य कर सकती हैं:

- शिक्षा और आकलन, या
- दत्तक-ग्रहण को सुगम बनाना और उसे अंतिम रूप देना।

स्थानीय दत्तक-ग्रहण के लिए कोई मान्यता प्राप्त संस्थाएं नहीं हैं।

हम दत्तक-ग्रहण प्रक्रिया में सरकार, न्यायालय और मान्यता प्राप्त संस्थाओं की भूमिकाओं पर आपके विचार जानना चाहते हैं। सरकार, न्यायालय और मान्यता प्राप्त निकायों की भूमिका पर आगे का विवरण तथा और अधिक विशिष्ट प्रश्न चर्चा दस्तावेज के पृष्ठ 24 पर उपलब्ध हैं।

# संस्कृति और दत्तक-ग्रहण (गोद लेना)

Aotearoa सांस्कृतिक और जातीय रूप से विविध है। व्यक्ति की संस्कृति उसकी पहचान का बड़ा हिस्सा हो सकती है और लोगों को अपनेपन और सुरक्षा की भावना दे सकती है। Māori के लिए, whanaungatanga और whakapapa का ज्ञान उनकी पहचान के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है।

Aotearoa न्यूज़ीलैंड के वर्तमान दत्तक-ग्रहण कानून दत्तक-ग्रहण और परिवार संरचनाओं की पश्चिमी समझ के इर्दगिर्द केंद्रित हैं और अन्य सांस्कृतिक मूल्यों या अवधारणाओं को नहीं दर्शाते हैं। कानून दत्तक-ग्रहण प्रक्रिया में शामिल लोगों की सांस्कृतिक जरूरतों पर भी विचार नहीं करता है।

दत्तक-ग्रहण आदेश दिए जाने के बाद गोद लेने वाला माता-पिता सांस्कृतिक विरासत, भाषा और पहचान को बरकरार रखने, समझने और बढ़ावा देने के लिए बच्चे को सहयोग देने के लिए जिम्मेदार होते हैं। कभी-कभी, गोद लेने वाले माता-पिता इन सांस्कृतिक जरूरतों को पूरा करना चाह सकते हैं परंतु हो सकता है कि वे न जानते हों कि ऐसा कैसे किया जाए। अन्य मामलों में, हो सकता है कि गोद लेने वाले माता-पिता बच्चे की सांस्कृतिक विरासत और पहचान के महत्व को अनदेखा कर दें या उसे पूरी तरह से न समझें।

हम जानना चाहते हैं कि क्या आपको लगता है कि गोद लेने की प्रक्रिया में बच्चे की संस्कृति पर विचार के तरीके में बदलाव किए जाने चाहिए और Aotearoa न्यूज़ीलैंड के गोद लेने संबंधी कानूनों को सांस्कृतिक रूप से अधिक समावेशी किस तरह बनाया जा सकता है। बदलाव के विकल्पों सहित आगे का विवरण और संस्कृति और गोद लेने पर और अधिक विशिष्ट प्रश्न चर्चा दस्तावेज के पृष्ठ 26 पर उपलब्ध हैं।

## Whāngai

Tamaiti whāngai या tamaiti atawhai एक Māori परम्परागत पद्धति है जिसमें tamariki की देखभाल जन्मदाता माता-पिता की बजाय अन्यों (आमतौर पर whānau सदस्यों) द्वारा की जाती है। Whāngai का अक्सर 'Māori परम्परागत दत्तक-ग्रहण' के रूप में उल्लेख किया जाता है, परंतु यह दत्तक-ग्रहण अधिनियम के तहत किए गए दत्तक-ग्रहण से बहुत अलग है। Whāngai tamariki आमतौर पर अपनी whāngai स्थिति के बारे में अवगत होते हैं और अक्सर अपने जन्मदाता माता-पिता, whānau, hapū और iwi से संबंध रखेंगे।

Aotearoa न्यूज़ीलैंड के कानून मात्र बेहद सीमित उद्देश्यों के लिए whāngai व्यवस्थाओं को मान्यता देते हैं। whāngai माता-पिता के पास अक्सर tamariki के प्रति कानूनी अभिभावकीय अधिकार और जिम्मेदारियाँ नहीं होती हैं। इससे whāngai माता-पिता के लिए whāngai tamariki के लिए सरकारी, शैक्षिक या चिकित्सा सहायता तक पहुँच मुश्किल हो सकती है।

Whāngai माता-पिता न्यायालय से whāngai व्यवस्था को कुछ कानूनी मान्यता प्रदान करने का आदेश देने का अनुरोध कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, वे संरक्षकता या दत्तक-ग्रहण आदेश का अनुरोध कर सकते हैं जिससे बच्चे और whānau के लिए कानूनी सुरक्षा या निश्चितता मिल सकती है। हालांकि, whānau के पास न्यायिक प्रक्रिया में शामिल होने के तरीके सीमित हैं और न्यायिक प्रक्रिया whānau, hapū और iwi rangatiratanga को प्रभावित कर सकती है। न्यायालय के आदेश whāngai पद्धति से जुड़े लचीलेपन और खुलेपन के विरुद्ध भी हो सकते हैं।

हम tikanga को whāngai के परिप्रेक्ष्य में समझना चाहते हैं और यह समझने के लिए Māori से जानना चाहते हैं कि कानून द्वारा whāngai से जिस तरह व्यवहार किया जाता है, क्या उसमें बदलाव किया जाना चाहिए। यदि बदलावों की जरूरत हो, तो हम यह सुनिश्चित करने के लिए Māori के साथ काम करना चाहते हैं कि कानून whāngai व्यवस्थाओं पर उपयुक्त प्रभाव डाले। दत्तक-ग्रहण (गोद लेना) सुधार प्रक्रिया के भाग के रूप में Māori के साथ लक्षित सहभागिता भी की जाएगी। whāngai पर आगे की चर्चा, चर्चा दस्तावेज के पृष्ठ 28 पर उपलब्ध है।

## परम्परागत दत्तक-ग्रहण

कई संस्कृतियाँ परम्परागत दत्तक-ग्रहण के विभिन्न रूपों का उपयोग करती हैं और विशेषतः प्रशांत द्वीप देशों में ऐसा किया जाना आम है। साथ ही, हमारे दत्तक-ग्रहण कानून गैर-Māori संस्कृतियों के परम्परागत दत्तक-ग्रहण को मान्यता नहीं देते हैं हालांकि,  Aotearoa न्यूज़ीलैंड कानून के कुछ भाग सीमित परिस्थितियों में उन्हें मान्यता देंगे। जैसे माता-पिता के सवेतन पैतृक अवकाश, असमर्थित बाल लाभ या आप्रवासन उद्देश्यों के लिए परम्परागत दत्तक-ग्रहणों को मान्यता दी जा सकती है।

हम इस बारे में आपके विचार जानना चाहते हैं कि हमारा गोद लेने वाला कानून प्रथागत दत्तक-ग्रहण के साथ कैसा व्यवहार करता है, विशेष रूप से प्रशांत और अन्य जातीय समुदायों के साथ। बदलाव के विकल्पों सहित आगे का विवरण और प्रथागत दत्तक-ग्रहण  के बारे में और अधिक विशिष्ट प्रश्न चर्चा दस्तावेज के पृष्ठ 29 पर उपलब्ध हैं।

# दत्तक-ग्रहण (गोद लेने संबंधी) प्रक्रिया कैसे काम करती है?

## विदेशी और अंतर्देशीय दत्तक-ग्रहण

Aotearoa न्यूज़ीलैंड के कानून विदेशी और अंतर्देशीय दत्तक-ग्रहण का प्रावधान करते हैं। विदेशी दत्तक-ग्रहण वे हैं जहाँ बच्चा और गोद लेने वाले आवेदक दोनों विदेश में रहते हैं। अंतर्देशीय दत्तक-ग्रहण वे हैं जहाँ बच्चा और गोद लेने वाले आवेदक दो अलग-अलग देशों में रहते हैं। आज Aotearoa में मान्यता प्राप्त अधिकांश दत्तक-ग्रहण ऐसे विदेशी दत्तक-ग्रहण हैं जिनमें Aotearoa के नागरिक या स्थायी निवासी गोद लेने वाले माता-पिता के रूप में हैं।

### विदेशी दत्तक-ग्रहणों की मान्यता

यदि परिवार Aotearoa की यात्रा करता हैं या यहाँ बस जाता है, तो विदेशी दत्तक-ग्रहणों को मान्यता देना महत्वपूर्ण है। Aotearoa न्यूज़ीलैंड का कानून विदेशों में किए गए कुछ दत्तक-ग्रहणों को तब स्वचालित रूप से मान्यता देता है यदि वे कुछ मानदंडों को पूरा करते हों। उन मामलों में, गोद लेने वाले माता-पिता को बच्चे के कानूनी माता-पिता के रूप में मान्यता दी जाती है और बच्चा निश्चित कानूनी अधिकारों और जिम्मेदारियों जैसे आव्रजन और नागरिकता अधिकार का हकदार हो जाता है। Aotearoa में विदेशी दत्तक-ग्रहण (गोद लेने) को तभी मान्यता दी जाएगी यदि:

- जिस देश में इसे किया गया, वहाँ वह कानूनी रूप से मान्य रहा हो
- बच्चे की दिन-प्रतिदिन की देखभाल के लिए गोद लेने वाले माता-पिता को जन्म देने वाले माता-पिता की तुलना में अधिक जिम्मेदारी देता हो, और
- कानून द्वारा निर्दिष्ट देश में किया गया हो, [2] या गोद लेने वाले माता-पिता को जन्म देने वाले माता-पिता की तुलना में समान या अधिक विरासत अधिकार देता हो।

गोद लेने के ऐसे निर्णय जिनमें मान्यता बाद में दी जाती है, लेने में बच्चे के अधिकारों, सर्वोत्तम हितों और कुशल-क्षेम पर विचार करने के लिए Aotearoa अन्य देश पर निर्भर रहता है। हो सकता है कि कुछ देश बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए Aotearoa द्वारा आवश्यक समझे जाने वाले कुछ कदम न उठाएं जिससे बच्चों के सर्वोत्तम हित और कुशल-क्षेम के लिए जोखिम उत्पन्न हो सकता है। उदाहरण के लिए, इससे तस्करी, दासता या दुर्व्यवहार से संबंधित जोखिम पैदा हो सकता है।

[2] राष्ट्रमंडल देश, संयुक्त राज्य अमेरिका, संयुक्त राज्य अमेरिका का कोई राज्य या क्षेत्र या परिषद् में आदेश द्वारा गवर्नर-जनरल द्वारा निर्दिष्ट देश।

हम इस बारे में आपके विचार जानना चाहते हैं कि क्या विदेशी दत्तक-ग्रहण को मान्यता देने के हमारे तरीके में बदलाव किए जाने चाहिए। बदलाव के विकल्पों सहित आगे का विवरण और विदेशी दत्तक-ग्रहणों की मान्यता पर और अधिक विशिष्ट प्रश्न चर्चा दस्तावेज के पृष्ठ 33 पर उपलब्ध हैं।

## अंतर्देशीय दत्तक-ग्रहण

Aotearoa में दो प्रकार के अंतर्देशीय दत्तक-ग्रहण प्रचलित हैं: हेग कन्वेंशन अंतर्देशीय दत्तक-ग्रहण और अन्य अंतर्देशीय दत्तक-ग्रहण।

### हेग कन्वेंशन अंतर्देशीय दत्तक-ग्रहण

हेग कन्वेंशन ऐसा अंतरराष्ट्रीय समझौता है जो बच्चे के संरक्षण के लिए सुरक्षा उपायों को निर्धारित करता है और यह सुनिश्चित करता है कि दत्तक-ग्रहण बच्चे के सर्वोत्तम हित में हो। Aotearoa न्यूज़ीलैंड के निवासी ऐसे विदेशी देशों से बच्चों को गोद ले सकते हैं जहाँ अन्य देश ने भी हेग कन्वेंशन पर हस्ताक्षर किए हों और Aotearoa का उस देश से समझौता हो।[3] हेग कन्वेंशन 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों पर लागू होता है।

हेग कन्वेंशन दत्तक-ग्रहणों में, दोनों संबंधित देशों के केंद्रीय प्राधिकरण या मान्यता प्राप्त संस्थाएं दत्तक-ग्रहण को सुगम बनाने के लिए एक-दूसरे के संपर्क में रहेंगे। दोनों देशों के सहमत होने पर दत्तक-ग्रहण (गोद लेना) सम्पन्न किया जाना चाहिए, दत्तक-ग्रहण को पूरा करने के लिए प्रमाण पत्र जारी किया जाता है। प्रमाण पत्र किस देश द्वारा जारी किया जाता है, इसके आधार पर बच्चे के नागरिकता अधिकार अलग-अलग होते हैं।

हम इस बारे में आपके विचार जानना चाहते हैं कि  Aotearoa जिस तरह हेग कन्वेंशन अंतर्देशीय गोद लेने की प्रक्रिया को लागू करता है, क्या इसमें बदलाव किए जाने चाहिए। बदलाव के विकल्पों सहित आगे का विवरण और हेग कन्वेंशन अंतर्देशीय दत्तक-ग्रहण पर और अधिक विशिष्ट प्रश्न चर्चा दस्तावेज के पृष्ठ 35 पर उपलब्ध हैं।

### अन्य अंतर्देशीय दत्तक-ग्रहण

Aotearoa न्यूजीलैंड का कानून हेग कन्वेंशन प्रक्रिया के बाहर अंतर्देशीय दत्तक-ग्रहण की अनुमति देता है। 2020 में Aotearoa न्यूजीलैंड के नागरिकों द्वारा विदेशों में गोद लिए गए लगभग 820 बच्चों को वंश के अनुसार नागरिकता प्रदान की गई जिनमें से अधिकांश प्रशांत द्वीप देशों से थे। Aotearoa न्यूजीलैंड के लोगों (नागरिकों और निवासियों - दोनों सहित) द्वारा विदेशों में गोद लिए गए अन्य बच्चों को निवासी वीजा दिया गया है। बच्चों को विदेशों में गोद लेने वाले Aotearoa न्यूज़ीलैंड के कुछ लोग भले ही उन देशों में रह रहे हों, परंतु अन्य लोग बच्चे को गोद लेने के उद्देश्य से शायद देश की यात्रा कर चुके होंगे।

[3] Aotearoa के इन देशों के साथ समझौते हैं: थाईलैंड, फिलीपींस, लिथुआनिया, भारत, चीन, हांगकांग और चिली।

हेग कन्वेंशन प्रक्रिया के बाहर अंतर्देशीय दत्तक-ग्रहण इनमें से किसी में भी हो सकता है:

- न्यूज़ीलैंड पारिवारिक न्यायालय, या
- कोई विदेशी न्यायालय, जिसके आदेश को बाद में Aotearoa में मान्यता दी जाए।

यदि दत्तक-ग्रहण आवेदन किसी पारिवारिक न्यायालय में प्रस्तुत किया जाता है, तो यह स्थानीय दत्तक-ग्रहण प्रक्रिया का पालन करता है। अंतर्देशीय दत्तक-ग्रहण होने पर यह प्रक्रिया अधिक चुनौतीपूर्ण हो सकती है क्योंकि न्यायालय के लिए जानकारी प्राप्त करना या इसकी सत्यता की पुष्टि करना कठिन हो सकता है। इससे यह तय करना मुश्किल हो सकता है कि दत्तक-ग्रहण (गोद लिया जाना) बच्चे के सर्वोत्तम हित में है।

यदि दत्तक-ग्रहण किसी विदेशी न्यायालय में किया जाता है, तो यह उस देश की प्रक्रिया और नियमों के अधीन होता है। यदि दत्तक-ग्रहण कुछ मानदंडों को पूरा करता हो तो इसे Aotearoa में स्वतः मान्यता दी जा सकती है। इससे Aotearoa न्यूज़ीलैंड के लोग हमारे स्थानीय दत्तक-ग्रहण कानूनों को दरकिनार कर पाते हैं और इसमें यह जोखिम है कि विदेशों के कानून बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा करने के बारे में Aotearoa न्यूज़ीलैंड की अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं होते। इन दत्तक-ग्रहणों को मान्यता देने से बच्चों के Aotearoa में प्रवेश करने के बाद उनके अधिकार, सर्वोत्तम हित और कुशल-क्षेम खतरे में पड़ सकते हैं।

हम इस बारे में आपके विचार जानना चाहते हैं कि क्या Aotearoa में अन्य अंतर्देशीय दत्तक-ग्रहणों के वर्तमान तरीके में बदलाव किए जाने चाहिए। बदलाव के विकल्पों सहित आगे का विवरण और अन्य अंतर्देशीय दत्तक-ग्रहण पर और अधिक विशिष्ट प्रश्न चर्चा दस्तावेज के पृष्ठ 36 पर उपलब्ध हैं।

# Aotearoa में स्थानीय दत्तक-ग्रहण (गोद लेना)

Aotearoa में स्थानीय दत्तक-ग्रहण न्यूज़ीलैंड पारिवारिक न्यायालय द्वारा सम्पन्न किए जाते हैं। दत्तक-ग्रहण आवेदनों पर विचार करते हुए पारिवारिक न्यायालय इस बारे में अवश्य संतुष्ट होना चाहिए कि निश्चित अपेक्षाओं को पूरा कर लिया गया है।

## सहमति

वर्तमान में कानून के अंतर्गत यह अपेक्षित है कि बच्चे के माता-पिता और संरक्षक दत्तक-ग्रहण के लिए सहमत हों (जिसे 'सहमति' भी कहा जाता है)। व्यवहार में, अक्सर इसका अर्थ बच्चे को जन्म देने वाले माता और पिता से होता है।

दत्तक-ग्रहण के लिए जन्म देने वाली माँ की सहमति सदैव आवश्यक होती है। जन्म देने वाले पिता की सहमति की आवश्यकता तभी होगी यदि वह बच्चे का कानूनी अभिभावक या संरक्षक हो। कानून में दत्तक-ग्रहण के लिए बच्चे की सहमति आवश्यक नहीं है, भले ही इसके बारे में अपने विचार या इच्छा व्यक्त करने के लिए वह पर्याप्त बड़ी उम्र का हो। दत्तक-ग्रहण में आगे बढ़ने के लिए बड़े परिवार, whānau, hapū और iwi के सहमत होने की भी आवश्यकता नहीं है।

हम इस बारे में आपके विचार जानना चाहते हैं कि दत्तक-ग्रहण के लिए किसे सहमत होना चाहिए। बदलाव के विकल्पों सहित आगे का विवरण और दत्तक-ग्रहण के प्रति किसकी सहमति आवश्यक है, इस बारे में और अधिक विशिष्ट प्रश्न चर्चा दस्तावेज के पृष्ठ 39 पर उपलब्ध हैं।

## सहमति का समय और सहमति वापस लेना

कानून में यह उल्लेख किया गया है कि जन्म देने वाली माँ दत्तक-ग्रहण के लिए तब तक सहमति नहीं दे सकती जब तक बच्चा कम से कम 10 दिन का न हो जाए। साक्ष्य बताते हैं कि जन्म के बाद की यह छोटी अवधि जन्म देने वाली माताओं के लिए विशेष रूप से जोखिमपूर्ण होती है और हो सकता है कि इससे उन्हें दत्तक-ग्रहण के अपने निर्णय पर विचार करने के लिए पर्याप्त समय न मिल पाए।

कानून में यह उल्लेख किया गया है कि जहाँ जन्म देने वाले माता-पिता विशिष्ट गोद लेने वाले आवेदकों द्वारा दत्तक-ग्रहण के लिए सहमत होते हैं, वहाँ वे आवेदन पर कार्रवाई होने के दौरान या जब तक गोद लेने वाले आवेदकों को बच्चे के दत्तक-ग्रहण के लिए आवेदन करने का उचित अवसर नहीं मिलता है, तब तक वे अपना मन नहीं बदल सकते हैं (जिसे 'उनकी सहमति वापस लेना' भी कहा जाता है)।

हम इस बारे में आपके विचार जानना चाहते हैं कि जन्म देने वाले माता-पिता को दत्तक-ग्रहण के लिए अपनी सहमति देने में कब सक्षम होने चाहिए। हम इस बारे में भी आपके विचार जानना चाहते हैं कि यदि जन्म देने वाले माता-पिता में से कोई अपना मन बदलना चाहता हो और अपनी सहमति वापस लेना चाहता हो, तब क्या किया जाना चाहिए। बदलाव के विकल्पों सहित आगे का विवरण और सहमति के समय और सहमति वापस लेने पर और अधिक विशिष्ट प्रश्न चर्चा दस्तावेज के पृष्ठ 40 पर उपलब्ध हैं।

## सहमति की बाध्यता समाप्त करना

कुछ स्थितियों में, पारिवारिक न्यायालय जन्म देने वाले माता-पिता में से किसी एक या दोनों की सहमति की अपेक्षा हटाने का निर्णय ले सकता है। इसे 'सहमति की बाध्यता समाप्त करना' के रूप में जाना जाता है। यदि सहमति की बाध्यता समाप्त करने का आवेदन किया जाए, तो न्यायालय ऐसा तब कर सकता है यदि:

1. माता/पिता या संरक्षक ने बच्चे से अनुचित व्यवहार किया हो। इसका अर्थ है कि माता/पिता या संरक्षक ने बच्चे को या तो त्याग दिया हो, उपेक्षित किया हो, ख्याल रखने और देखभाल में लगातार विफल रहा हो या बच्चे से लगातार दुर्व्यवहार किया हो, या

2. न्यायालय निर्णय ले कि शारीरिक या मानसिक अक्षमता के कारण माता/पिता या संरक्षक बच्चे की देखभाल करने के लिए अयोग्य हैं। किसी भी शारीरिक या मानसिक अक्षमता के अनिश्चित काल तक जारी रहने की आशंका भी अवश्य होनी चाहिए।

विकलांगता अधिकार पक्ष-समर्थकों ने दूसरी श्रेणी की आलोचना की है क्योंकि यह विकलांग लोगों से भेदभाव का कारण बन सकती है और विकलांग लोगों द्वारा पालन-पोषण की गुणवत्ता के बारे में धारणा बनाती है।

हम इस बारे में आपके विचार जानना चाहते हैं कि क्या पारिवारिक न्यायालय के पास दत्तक-ग्रहण (गोद लेने) में सहमति की बाध्यता समाप्त करने की शक्ति होनी चाहिए। यदि आपको लगता है कि ऐसा होना चाहिए, तो हम यह जानना चाहते हैं कि आपके विचार में इसे सहमति बाध्यता को समाप्त करने में कब सक्षम होना चाहिए। बदलाव के विकल्पों सहित आगे का विवरण और सहमति बाध्यता समाप्त करने के बारे में और अधिक विशिष्ट प्रश्न चर्चा दस्तावेज के पृष्ठ 42 पर उपलब्ध हैं।

## उपयुक्तता

गोद लेने वाले आवेदक गोद लेने के लिए अवश्य उपयुक्त होने चाहिए जिसका अर्थ है कि वे बच्चे की दिन-प्रतिदिन की देखभाल करने के लिए 'लायक और उचित' लोग हों। 'लायक और उचित' व्यक्ति कौन है, इसे तय करने में सहायता करने के लिए वर्तमान दत्तक-ग्रहण कानून में कोई मानदंड शामिल नहीं है।

अधिकांश दत्तक-ग्रहण मामलों में सामाजिक कार्यकर्ता जो कि आमतौर पर Oranga Tamariki से होता है, को आवेदक की उपयुक्तता पर न्यायालय को रिपोर्ट प्रदान करनी होगी। रिपोर्ट तैयार करने में आवेदकों के बारे में पुष्टि करने वाली जानकारी का उपयोग किया जाएगा। इसमें पहचान प्रमाण, आप्रवास स्थिति, निवास और/या नागरिकता, पुलिस और देखभाल और सुरक्षा जाँच, चिकित्सा रिपोर्टें, रेफरी जाँच और आवासीय पते शामिल हैं।

जब दत्तक-ग्रहण (गोद लेने संबंधी) आवेदन न्यायालय में पहुँचता है, तब गोद लेने वाले आवेदक गोद लेने के योग्य है या नहीं, यह तय करते समय न्यायालय रिपोर्ट और अन्य प्रासंगिक कारकों पर विचार करता है।

हम इस बारे में आपके विचार जानना चाहते हैं कि क्या कानून में इस पर मानदंड निर्धारित किए जाने चाहिए कि कौन व्यक्ति गोद लेने के लिए उपयुक्त है। यदि आपको लगता है कि विशिष्ट मानदंड होने चाहिए, तो हम आपके विचार जानना चाहते हैं कि वे क्या होने चाहिए। बदलाव के विकल्पों सहित आगे का विवरण और योग्यता पर और अधिक विशिष्ट प्रश्न चर्चा दस्तावेज के पृष्ठ 43 पर उपलब्ध हैं।

## न्यायालय संबंधी प्रक्रियाएं

अपने द्वारा अंतिम दत्तक-ग्रहण आदेश देने से पहले पारिवारिक न्यायालय को आमतौर पर अंतरिम (अस्थायी) आदेश देना होगा। यदि अंतरिम आदेश दिया जाता है, तो अंतिम दत्तक-ग्रहण आदेश इसके छह से 12 महीने बाद लागू किया जा सकता है। लगभग सभी मामलों में अंतिम दत्तक-ग्रहण आदेश दिए जाते हैं।

अंतरिम आदेश से गोद लेने वाले माता-पिता के लिए बच्चे के पालन-पोषण का अनुभव लेना और Oranga Tamariki के लिए दत्तक-ग्रहण की निगरानी करना संभव हो पाता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यह बच्चे के लिए कारगर हो। बहरहाल, अंतिम आदेश की प्रतीक्षा से अनिश्चितता पैदा हो सकती है और इससे बच्चे और गोद लेने वाले माता-पिता के बीच पनप रहा संबंध प्रभावित हो सकता है।

कुछ लोगों को लगता है कि न्यायालय की प्रक्रिया को पूरा होने में बहुत समय लगता है। ऐसा करना महंगा भी हो सकता है क्योंकि अदालती प्रक्रिया के तहत काम करने और न्यायालय को प्रमाण देने के लिए प्रायः वकील की जरूरत होती है। इसमें शामिल लागत और समय का अर्थ यह है कि Aotearoa में कुछ लोग या Aotearoa में लोगों के कुछ समूह गोद लेने की प्रक्रिया तक पहुँच प्राप्त नहीं कर पाते हैं।

हम इस बारे में आपके विचार जानना चाहते हैं कि क्या गोद लेने के मामलों में न्यायालयों द्वारा दिए जाने वाले आदेशों के प्रकारों में परिवर्तन किया जाना चाहिए। बदलाव के विकल्पों सहित आगे का विवरण और न्यायालय की प्रक्रियाओं पर और अधिक विशिष्ट प्रश्न चर्चा दस्तावेज के पृष्ठ 45 पर उपलब्ध हैं।

## न्यायालय की शक्तियाँ

दत्तक-ग्रहण (गोद लेने के) मामलों में पारिवारिक न्यायालय के पास पेशेवरों से रिपोर्टों या परामर्श का अनुरोध करने की सीमित शक्तियाँ हैं। अन्य पारिवारिक कानून के तहत पारिवारिक न्यायालय सांस्कृतिक, चिकित्सा, मनोवैज्ञानिक या मनोविकारी रिपोर्टों सहित विशेषज्ञ रिपोर्टों का आदेश दे सकता है। ऐसी रिपोर्टें न्यायालय को सुविचारित निर्णय लेने में मदद करने के लिए व्यापक जानकारी प्रदान करती हैं। अन्य पारिवारिक कानून मामलों में बच्चे के लिए वकील के तौर पर काम करने के लिए आमतौर पर बच्चे के लिए वकील भी नियुक्त किया जा सकता है।

हम जानना चाहते हैं कि क्या आपको लगता है कि दत्तक-ग्रहण (गोद लेने के) मामलों में अपने निर्णयों में सहायता के लिए न्यायालय के पास जानकारी और रिपोर्टें मांगने की और अधिक शक्तियाँ होनी चाहिए। बदलाव के विकल्पों सहित आगे का विवरण और न्यायालय की शक्तियों पर और अधिक विशिष्ट प्रश्न चर्चा दस्तावेज के पृष्ठ 45 पर उपलब्ध हैं।

## कानूनी प्रभाव

वर्तमान कानूनों के तहत जब बच्चे को गोद लिया जाता है तो उसके जन्म के परिवार और whānau को स्थायी और कानूनी रूप से गोद लेने वाले परिवार द्वारा प्रतिस्थापित कर दिया जाता है। जन्म देने वाले  माता-पिता के बच्चे के प्रति कानूनी और अभिभावकीय अधिकार हटा दिए जाते हैं और गोद लेने वाले माता-पिता को बच्चे के प्रति पूर्ण कानूनी और अभिभावकीय अधिकार मिल जाते हैं।

गोद लेने का वर्तमान कानूनी प्रभाव आजकल सामान्य रूप से प्रचलित 'मुक्त' दत्तक-ग्रहणों को नहीं दर्शाता है क्योंकि इसमें जन्म के परिवार और whānau के अस्तित्व को छिपाया जाता है। अनुसंधान से पता चलता है कि गुप्त दत्तक-ग्रहण के इर्दगिर्द की गोपनीयता बच्चे और अन्य संबंधित लोगों के लिए हानिकारक हो सकती है। गोद लेने के माध्यम से जन्म के परिवार और whānau को 'प्रतिस्थापित करना' बहुत-सी परम्परागत देखभाल व्यवस्थाओं से अनुरूप नहीं है और कुछ संस्कृतियों द्वारा इसे अपमानजनक समझा जा सकता है।

हम आपसे इस बारे में जानना चाहते हैं कि Aotearoa में गोद लेने का कानूनी प्रभाव क्या होना चाहिए। बदलाव के विकल्पों सहित आगे का विवरण और दत्तक-ग्रहण (गोद लेने) के कानूनी प्रभाव पर और अधिक विशिष्ट प्रश्न चर्चा दस्तावेज के पृष्ठ 47 पर उपलब्ध हैं।

## वैकल्पिक देखभाल व्यवस्थाएं और आदेश

जब बच्चे के जन्मदाता माता-पिता उसकी देखभाल नहीं कर सकते हैं, तब गोद लेना बच्चे की देखभाल व्यवस्थाओं को बदलने का स्थायी तरीका है। देखभाल व्यवस्थाओं या आदेशों के अन्य प्रकारों, जैसे संरक्षकता आदेश, के दत्तक-ग्रहण की तुलना में कम गंभीर और कम स्थायी कानूनी प्रभाव हैं जिसका अर्थ है कि बच्चा अपने जन्म के परिवार और whānau से अधिक जुड़ा रह सकता है।

क्या बच्चे का दत्तक-ग्रहण होना चाहिए, यह तय करते समय कानून में अन्य देखभाल विकल्पों पर विचार करना अपेक्षित नहीं है। दत्तक-ग्रहण होने के बाद बच्चे से संपर्क बनाए रखने के लिए जन्म के परिवार और whānau के लिए कोई कानूनी संरक्षण नहीं है। दत्तक-ग्रहण (गोद लेने) की प्रक्रिया के दौरान तय किए गए संपर्क समझौतों को कानूनी रूप से लागू नहीं किया जा सकता है।

हम इस बारे में आपके विचार जानना चाहते हैं कि क्या गोद लेने के मामलों में गोद लेने के आदेश दिए जाने के बाद सहित वैकल्पिक देखभाल व्यवस्थाओं या संपर्क आदेशों पर विचार किया जाना चाहिए। बदलाव के विकल्पों सहित आगे का विवरण और वैकल्पिक देखभाल व्यवस्थाओं और आदेशों पर और अधिक विशिष्ट प्रश्न चर्चा दस्तावेज के पृष्ठ 49 पर उपलब्ध हैं।

## दत्तक-ग्रहण आदेश खारिज करना

अंतिम दत्तक-ग्रहण आदेश केवल सीमित परिस्थितियों में ही बदला या खारिज (रद्द) किया जा सकता है। जैसे यदि न्यायालय को झूठे साक्ष्य दिए गए हों या जन्म देने वाले माता-पिता की सहमति को धोखाधड़ी, छल या बल प्रयोग से प्राप्त किया गया था, तो दत्तक-ग्रहण आदेश को खारिज किया जा सकता है। यदि दत्तक-ग्रहण आदेश को खारिज किया जाता है, तो बच्चा अपने जन्म देने वाले माता-पिता के कानूनसम्मत बच्चे के रूप में वापस चला जाता है।

दत्तक-ग्रहण आदेश को खारिज करना मुश्किल और महंगा हो सकता है। आवेदन के लिए अटॉर्नी-जनरल से अनुमति ली जानी होगी। कुछ परिस्थितियों में, किसी व्यक्ति के सर्वोत्तम हितों की रक्षा करने के लिए किसी आदेश को खारिज किया जाना उचित हो सकता है। उदाहरण के लिए, यदि उसकी उपेक्षा की गई हो या उससे दुर्व्यवहार किया गया हो और गोद लेने वाले माता-पिता की देखभाल से निकाल दिया गया हो। वर्तमान में कानून में यह उल्लेख नहीं किया गया है कि उन मामलों में आदेश को खारिज किया जा सकता है।

हम इस बारे में आपके विचार जानना चाहते हैं कि दत्तक-ग्रहण (गोद लेने का) आदेश कब खारिज किया जाना चाहिए। बदलाव के विकल्पों सहित आगे का विवरण और दत्तक-ग्रहण खारिज करने के बारे में और अधिक विशिष्ट प्रश्न चर्चा दस्तावेज के पृष्ठ 51 पर उपलब्ध हैं।

# गोद लेने के प्रभाव

## पहचान और गोद लेना

पहचान व्यक्ति के कुशल-क्षेम का महत्वपूर्ण भाग है। पहचान की मजबूत भावना व्यक्ति के आत्मविश्वास और चुनौतियों का सामना करने की उसकी क्षमता को मजबूत कर सकती है। बाल कन्वेंशन बच्चे के पहचान के अधिकार की रक्षा करता है - इस संरक्षण में उसके नाम, राष्ट्रीयता और परिवार और whānau ties संबंधों का अधिकार शामिल है।

इस बात के बहुत सारे प्रमाण हैं कि जिन लोगों को गोद लिया जाता है, उन्हें पहचान की भावना स्थापित करने में दिक्कत होती है। जैसे वे अपने whakapapa, संस्कृति, धर्म या भाषा से जुड़े नहीं होने से मुश्किल महसूस कर सकते हैं। इससे गोद लिए गए व्यक्ति का परिवार एवं whānau और उसके बाद आने वाली पीढ़ियाँ प्रभावित हो सकती हैं।

इन दिनों ऐसे कई मुक्त दत्तक-ग्रहण हो रहे हैं जिनमें बच्चे, जन्म देने वाले माता-पिता और गोद लेने वाले माता-पिता किसी प्रकार का निरंतर संबंध रखते हैं। हालाँकि, वर्तमान कानून किसी व्यक्ति की पहचान के बारे में जानकारी तक उसकी पहुँच को सीमित करता है।

दत्तक-ग्रहण (गोद लेने संबंधी) कानून सुधार का मुख्य ध्यान यह सुनिश्चित करना है कि बच्चों के अधिकारों, कुशल-क्षेम और सर्वोत्तम हितों की रक्षा की जाए जिसमें पहचान का अधिकार भी शामिल है। पहचान और गोद लेने के बारे में और अधिक जानकारी चर्चा दस्तावेज के पृष्ठ 53 पर उपलब्ध है।

## दत्तक सहयोग सेवाएं

गोद लिए गए बच्चों और वृद्ध लोगों, गोद लेने वाले माता-पिता, जन्म देने वाले माता-पिता और बड़े जन्म परिवार और whānau को अक्सर गोद लेने से पहले, उसके दौरान और बाद में सहयोग और जानकारी की आवश्यकता होगी। ऐसा इसलिए है क्योंकि गोद लेने में शामिल लोगों पर बड़े मनोवैज्ञानिक प्रभाव हो सकते हैं और गोद लेने के बाद वे सतत चुनौतियों को महसूस कर सकते हैं।

Oranga Tamariki गोद लेने से पहले की कुछ जानकारी और शिक्षा प्रदान करता है परंतु Aotearoa में गोद लेने के बाद के सहयोग सहित गोद लेने संबंधी सहयोग सेवाएं आम तौर पर सीमित हैं/ सतत जानकारी या सहयोग के लिए कोई कानूनी अपेक्षा नहीं है और गोद लेने संबंधी जानकारी और सहयोग की जरूरत वाले लोगों के लिए अलग से कोई सरकारी धन नहीं रखा गया है।

हम इस बारे में आपके विचार जानना चाहते हैं कि गोद लेने से पहले, गोद लेने के दौरान और बाद में गोद लेने से प्रभावित लोगों को किस प्रकार की सहायता प्रदान की जानी चाहिए। बदलाव के विकल्पों सहित आगे का विवरण और दत्तक-ग्रहण सहयोग सेवाओं पर और अधिक विशिष्ट प्रश्न चर्चा दस्तावेज के पृष्ठ 54 पर उपलब्ध हैं।

## गोद लेने के बाद जन्म प्रमाणपत्र

Aotearoa में पैदा हुए प्रत्येक व्यक्ति के जन्म देने वाले माता-पिता के नाम सहित उसके जन्म का विवरण जन्म रजिस्टर में दर्ज होता है। जब किसी व्यक्ति को गोद लिया जाता है, तब उसका मूल जन्म रिकार्ड बंद कर दिया जाता है और उसके स्थान पर नया रिकार्ड बनाया जाता है। आंतरिक कार्य विभाग जन्म प्रमाण पत्र जारी करता है जिसमें जन्म रिकार्ड की जानकारी दी गई होती है।

गोद लेने के बाद जारी किए गए जन्म प्रमाण पत्र बच्चे का दत्तक नाम और बच्चे को जन्म देने वाले माता-पिता के स्थान पर गोद लेने वाले माता-पिता के नाम दर्शाते हैं। यह गोद लेने के कानूनी प्रभाव और गोद लेने वाले माता-पिता और बच्चे के बीच परिणामी संबंध को दर्शाता है।

हम इस पर आपके विचार जानना चाहते हैं कि किसी व्यक्ति को गोद लिए जाने के बाद जन्म प्रमाण पत्र कैसा दिखना चाहिए। बदलाव के विकल्पों सहित आगे का विवरण और दत्तक-ग्रहण (गोद लेने) के बाद जन्म प्रमाणपत्र पर और अधिक विशिष्ट प्रश्न चर्चा दस्तावेज के पृष्ठ 56 पर उपलब्ध हैं।

## गोद लेने की जानकारी तक पहुँच

Aotearoa न्यूज़ीलैंड का कानून मूल जन्म रिकार्ड और गोद लेने की जानकारी तक सीमित पहुँच प्रदान करता है। आंतरिक कार्य विभाग जन्म रिकार्ड रखता है, और Oranga Tamariki, पारिवारिक न्यायालय एवं कुछ मामलों में गैर-सरकारी संगठन संबंधित दत्तक-ग्रहण जानकारी रख सकते हैं।

गोद लिया गया व्यक्ति और उसे जन्म देने वाले माता-पिता तब तक मूल जन्म प्रमाण पत्र के लिए आवेदन नहीं कर सकते हैं जब तक गोद लिया गया व्यक्ति 20 वर्ष का नहीं हो जाता। परिवार और whanau के अन्य सदस्य गोद लेने से संबंधित मूल जन्म रिकार्ड के लिए आवेदन नहीं कर सकते हैं।

1 मार्च 1986 से पहले गोद लिए गए लोगों के जन्म रिकॉर्ड के लिए वर्तमान में एक 'वीटो' प्रणाली मौजूद है। वीटो का मतलब है कि अनुरोध करने वाले व्यक्ति से पूरा मूल जन्म प्रमाण पत्र साझा नहीं किया जा सकत है। वीटो गोद लिए गए व्यक्ति या जन्म देने वाले माता-पिता द्वारा किया जा सकता है।

हम इस पर आपके विचार जानना चाहते हैं कि गोद लेने की जानकारी तक किसे पहुँच प्राप्त होनी चाहिए और वह व्यक्ति कैसे इस तक पहुँच प्राप्त कर सकता हो। हम Aotearoa में वीटो प्रणाली पर भी आपके विचार सुनना चाहते हैं। बदलाव के विकल्पों सहित आगे का विवरण और दत्तक-ग्रहण (गोद लेने संबंधी) जानकारी तक पहुँच प्राप्त करने के बारे में और अधिक विशिष्ट प्रश्न चर्चा दस्तावेज के पृष्ठ 57 पर उपलब्ध हैं।

# सरोगेसी और दत्तक-ग्रहण प्रक्रिया

सरोगेसी ऐसी व्यवस्था है जहाँ महिला गर्भवती होने के लिए सहमत होती है और जन्म के बाद बच्चे की अभिभावकीय जिम्मेदारी अन्य व्यक्ति(यों) को देने के उद्देश्य से बच्चे को जन्म देती है। वह महिला जो गर्भवती होने और बच्चे को गर्भ में रखने और जन्म देने के लिए सहमत होती है, उसे सरोगेट कहा जाता है। वह(वे) व्यक्ति जो उनकी/उसकी ओर से गर्भवती होने, गर्भ रखने और जन्म देने के लिए किसी महिला के साथ सरोगेसी व्यवस्था में प्रवेश करता है/करते हैं, उसे/उन्हें इच्छुक अभिभावक(वों) के रूप में जाना जाता है।

गोद लेना ही वह एकमात्र तरीका है जिससे इच्छुक माता-पिता सरोगेसी से पैदा हुए बच्चे के कानूनसम्मत माता-पिता बन सकते हैं। दत्तक-ग्रहण कानून की इस समीक्षा में सरोगेसी द्वारा बच्चे के जन्म पर गोद लेने की प्रक्रिया में सुधार करने के तरीकों पर गौर किया जाएगा। दत्तक-ग्रहण सुधार के परिणामस्वरूप किए गए बदलाव आमतौर पर सरोगेसी द्वारा पैदा हुए बच्चों के दत्तक-ग्रहण को भी प्रभावित करेंगे। उदाहरण के लिए, यदि सहमति अपेक्षाओं में बदलाव किए जाते हैं, तो गोद लेने की प्रक्रिया में अधिक समय लग सकता है।

सरकार ने Te Aka Matua o te Ture | विधि आयोग, Aotearoa न्यूज़ीलैंड का स्वतंत्र कानून सुधार संगठन से सरोगेसी और संबंधित मुद्दों की व्यापक समीक्षा करने का अनुरोध किया। विधि आयोग (लॉ कमीशन) सरोगेसी से संबंधित व्यापक प्रश्नों पर गौर कर रहा है जिनमें ये प्रश्न शामिल हैं  - क्या सरोगेसी से पैदा हुए बच्चे के कानूनी माता-पिता बनने के इच्छुक माता-पिता के लिए दत्तक-ग्रहण की बजाय अलग प्रक्रिया होनी चाहिए और कानून में अंतरराष्ट्रीय सरोगेसी व्यवस्था का प्रावधान किस तरह किया जाना चाहिए। विधि आयोग के कार्य की जानकारी यहाँ प्राप्त की जा सकती है: www.surrogacyreview.nz/. सरोगेसी पर अधिक विवरण चर्चा दस्तावेज के पृष्ठ 61 पर उपलब्ध हैं।

## स्थानीय सरोगेसी व्यवस्थाएं

स्थानीय सरोगेसी वह है जिसमें सरोगेट और इच्छुक माता-पिता, दोनों एक ही देश में रहते हैं। Aotearoa में यदि लोगों को फर्टिलिटी क्लिनिक की सहायता की जरूरत हो, तो सरोगेसी व्यवस्थाएं सहायता प्राप्त प्रजनन प्रौद्योगिकी संबंधी आचारनीति समिति ('ECART') द्वारा अवश्य अनुमोदित होनी चाहिए। गर्भधारण के लिए फर्टिलिटी क्लिनिक की सहायता के बिना, निजी तौर पर व्यवस्थित सरोगेसी के लिए ECART स्वीकृति की आवश्यकता नहीं है।

सरोगेसी व्यवस्थाओं पर विचार करने वाले लोगों के लिए प्रासंगिक आकलनों सहित गोद लेने की प्रक्रिया पर अधिक जानकारी उपलब्ध नहीं है। इससे शामिल पक्षों के लिए अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों को समझना मुश्किल हो सकता है। ECART और दत्तक-ग्रहण (गोद लेने) प्रक्रिया - दोनों के लिए स्वीकृति की आवश्यकता का मतलब है कि इच्छुक माता-पिता गोद लेने के लिए अपनी पात्रता और उपयुक्तता साबित करने के लिए अतिरिक्त आकलन से गुजरते हैं। आकलनों की संख्या बढ़ने से प्रक्रिया में समय और लागत बढ़ सकते हैं।

हम इस बारे में आपके विचार जानना चाहते हैं कि जहाँ बच्चे का जन्म स्थानीय सरोगेसी से हुआ हो, क्या वहाँ गोद लेने की प्रक्रिया में बदलाव किए जाने चाहिए। बदलाव के विकल्पों सहित आगे का विवरण और जहाँ बच्चा घरेलू सरोगेसी से पैदा होता है, वहाँ दत्तक-ग्रहण प्रक्रिया पर और अधिक विशिष्ट प्रश्न चर्चा दस्तावेज के पृष्ठ 62 पर उपलब्ध हैं।

## अंतरराष्ट्रीय सरोगेसी व्यवस्थाएं

कुछ लोग विदेश में रहने वाले सरोगेट से सरोगेसी व्यवस्थाएं करने का निर्णय कर सकते हैं। इन्हें अंतरराष्ट्रीय सरोगेसी व्यवस्थाओं के रूप में जाना जाता है। Aotearoa कानून में अभी भी अंतरराष्ट्रीय सरोगेसी से पैदा हुए बच्चे को इच्छुक माता-पिता द्वारा गोद लिया जाना अपेक्षित है ताकि वे बच्चे के कानूनी माता-पिता बन सकें। दत्तक-ग्रहण Aotearoa या विदेश में किया जा सकता है।

स्थानीय सरोगेसी की तुलना में अंतरराष्ट्रीय सरोगेसी के मामले अधिक जटिल हैं। स्थानीय सरोगेसी की तरह अंतरराष्ट्रीय सरोगेसी अपनाने की प्रक्रिया के बारे में ज्यादा जानकारी उपलब्ध नहीं है।

हम जानना चाहते हैं कि क्या आपके विचार में वहाँ गोद लेने की प्रक्रिया में बदलाव होने चाहिए जहाँ बच्चे का जन्म अंतरराष्ट्रीय सरोगेसी द्वारा होता है।

बदलाव के विकल्पों सहित आगे का विवरण और अंतरराष्ट्रीय सरोगेसी से पैदा हुए बच्चे की दत्तक-ग्रहण प्रक्रिया पर और अधिक विशिष्ट प्रश्न चर्चा दस्तावेज के पृष्ठ 64 पर उपलब्ध हैं।

न्याय मंत्रालय
**Te Tāhū o te Ture**

**justice.govt.nz**

info@justice.govt.nz

0800 न्यायालय (COURTS)
0800 268 787

National Office (राष्ट्रीय कार्यालय)
Justice Centre | 19 Aitken St
SX10088 | Wellington | New Zealand

MINISTRY OF JUSTICE
Tāhū o te Ture

New Zealand Government

210419_MAY21